St. Xavier's Sr. Sec. School
Delhi-54

संत ज़ेवियर सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय, दिल्ली – 54

कक्षा–8 | वार्षिक परीक्षा (एस.ए. 2) – 2015-16 | पूर्णांक–90

दिनांक–19.2.2016 | हिन्दी | समय–3 घंटे

निर्देश :– 1. इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं – क, ख, ग, घ।
2. सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार देना अनिवार्य है।

## खण्ड 'क'

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के उचित विकल्प छाँटकर, शब्दों में उत्तर दीजिए– (1x5=5)

आपके पास दो अनमोल वस्तुएँ हैं – कर्म और समय। यह एक प्रकार के बेयरर चेक हैं। आप जब भी चाहें, इनको भुना सकते हैं और उनकी कीमत पा सकते हैं। अब कितना, क्या मिलेगा – यह आप पर और आपके कार्यों पर निर्भर है। जितना कर्म आपने किया है, जितना समय आपने लगाया है, उतनी कीमत आपको अवश्य मिलेगी। इसमें बेईमानी या हेराफेरी का कोई प्रश्न नहीं है। प्रकृति सबसे ईमानदार है। वह सबको उसके कर्म एवं समय का पूरा–पूरा मूल्य चुकाती है। सब कुछ कर्म और समय पर निर्भर है। प्रत्येक मनुष्य जैसा कर्म करता है और उसमें जितना समय लगाता है, उसी का फल पाकर रहता है। बबूल बोकर आप आम का आनंद नहीं पा सकते हैं। आप जो कुछ भी बनना चाहते हैं, आपको वैसा कर्म करना पड़ेगा और वैसा ही समय लगाना होगा। जब तक आप ऐसा नहीं करेंगे, तब तक आप अपनी इच्छा, अपना सपना पूरा नहीं कर पाएँगें। प्रकृति का नियम है – कर्म करो और फल पाओ। समय लगाओ और उसकी कीमत उससे ले लो। किसी भी आदमी का किया हुआ कर्म और दिया गया समय उसे परिणाम अवश्य देता है। अतः समय का महत्त्व समझते हुए, सुन्दर भविष्य को पाने के लिए, उचित कर्म आज ही, अभी से शुरू करो।

1. लेखक ने बेयरर चेक किसे कहा है ?

   i. समय को  ii. कर्मफल को  iii. कर्म को  iv. कर्म और समय को

2. प्रकृति का क्या नियम है?

   i. हर कार्य में समय लगाओ।  ii. कर्म करो और फल पाओ।

   iii. समय की कीमत पाओ।  iv. अच्छे कार्य करते जाओ।

3. बबूल और आम किसके प्रतीक हैं?

i. अलग–अलग वृक्षों के ii. वृक्ष और फल के

iii. बुरे कर्म और अच्छे फल के iv. अच्छे कर्म और बुरे फल के

4. 'फल' का उचित पर्याय गद्यांश से होगा –

i. परिणाम ii. बेयरर चेक iii. भविष्य iv. कीमत

5. 'अनमोल वस्तुएँ' शब्द में विशेषण का उचित प्रकार है –

i. संख्यावाचक विशेषण ii. सार्वनामिक विशेषण iii. परिमाणवाचक विशेषण iv. गुणवाचक विशेषण

II. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटकर, शब्दों में उत्तर दीजिए –(1x5=5)

लक्ष्य तक पहुँचे बिना, पथ में पथिक विश्राम कैसा।
लक्ष्य है अति दूर दुर्गम मार्ग भी हम जानते हैं,
किन्तु पथ के कंटकों को हम सुमन ही मानते हैं,
जब प्रगति का नाम जीवन, यह अकाल विराम कैसा।।
लक्ष्य तक पहुँचे बिना..........

बस वही है पथिक जो पथ पर निरंतर अग्रसर हो,
हो सदा गतिशील जिसका लक्ष्य प्रतिक्षण निकटतर हो।
हार बैठे जो डगर में पथिक उसका नाम कैसा।।
लक्ष्य तक पहुँचे बिना...........

आज तो अति ही निकट है देख लो वह लक्ष्य अपना,
पग बढ़ाते ही चलो बस शीघ्र होगा सत्य सपना।
धर्म–पथ के पथिक को फिर देव विश्राम कैसा।।
लक्ष्य तक पहुँचे बिना.........

1. इस कविता में पथिक कहाँ पर चल रहा है?

   i. सरल मार्ग पर  ii. लक्ष्य न मिलने के मार्ग पर  iii. दक्षिण मार्ग पर  iv. दुर्गम मार्ग पर

2. लक्ष्य तक पहुँचने वाले पथिक को कवि ने क्या नहीं करने को कहा है?

   i. धर्म  ii. विश्राम  iii. सपना  iv. कर्म

3. 'पथिक' शब्द में उचित उपसर्ग, मूलशब्द तथा प्रत्यय होगा –

   i. पथ + ईक  ii. प + थि + क  iii. पथ + इक  iv. प + थक + इ

4. इस कविता का उचित शीर्षक होगा –

   i. विश्राम कैसा  ii. धर्मपथ  iii. लक्ष्य न मिला  iv. बिना थके

5. 'रास्ते' का उचित पर्यायवाची कविता से होगा –

   i. सुमन  ii. डगर  iii. पग  iv. विराम

**<u>खण्ड 'ख'</u>**

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति निर्देशानुसार कीजिए – (1x5=5)

1. घर के बाहर ––––––– स्त्री आई है। (उचित सार्वनामिक विशेषण से भरें।)
2. अब मैं ––––––– सकता हूँ। (उचित समस्त क्रिया से भरें।)
3. आज धन –––––– कोई नहीं पूछता। (उचित संबंधबोधक शब्द से भरें।)
4. पुलिस को देखते ही चोर –––––– हो गए। ('भाग गए' अर्थ के उचित मुहावरे से भरें।)
5. तुम मोहनलाल पर कभी भरोसा मत करना, क्योंकि उसके –––––– रहती है।

   ('मन में छल कपट रखकर मीठी बातें करते' भाव के लिए उचित लोकोक्ति से भरें।)

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए – (1x5=5)

1. मैंने उसे पत्र लिखा। (क्रिया अकर्मक है अथवा सकर्मक बताइए।)

2. शाबाश! तुम परीक्षा में इस बार भी प्रथम आए हो। (विस्मयादिबोधक शब्द छाँटकर, भाव भी लिखिए।)

3. 'बहिर्मुख' शब्द से उपसर्ग व मूल शब्द शब्द अलग कीजिए।

4. 'क' – प्रत्यय का प्रयोग कर एक शब्द बनाइए।

5. 'बारहसिंगा' – शब्द का समास विग्रह कर भेद बताइए।

V. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x5=5)

1. हाथी, अनिल (एक–एक पर्यायवाची लिखिए।)

2. प्रत्यक्ष, तटस्थ (शब्दों के विपरीतार्थक लिखिए।)

3 i. अधिक बोलने वाला – ––––

ii. जिस पर विश्वास किया जा सके – –––– (अनेक शब्दों के लिए शब्द लिखिए।)

4. पाँव तले की ज़मीन खिसकना – (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।)

5. होनहार बिरवान के होत चीकने पात – (लोकोक्ति का उचित अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।)

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (1x5=5)

1. उमा पुस्तक पढ़कर उत्तीर्ण होगी। (संकेतवाचक वाक्य में बदलें।)

2. कृपया समय बताइए। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।)

3. सात सौ दोहों का समूह – समस्त पद बनाकर भेद लिखिए।

4. 'कल्पना' तथा 'इच्छा' का उचित विशेषण रूप लिखिए।

5. वाक्य की परिभाषा लिखिए।

## खण्ड 'ग'

VII. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए – (5)

टी.वी. के बढ़ते प्रभाव के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

बहन के विवाह के कारण विद्यालय से चार दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

VIII. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

1. एकता
2. सर्दी की सुबह
3. मेरा पहला भाषण

## खण्ड 'घ'

IX. दिए गए गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – (1x5=5)

ओ निडर बाज! शत्रुओं से लड़ते हुए तुमने अपना कीमती रक्त बहाया है। पर वह समय दूर नहीं है, जब तुम्हारे खून की एक–एक बूँद ज़िंदगी के अँधेरे में प्रकाश फैलाएगी और साहसी, बहादुर दिलों में स्वतंत्रता और प्रकाश के लिए प्रेम पैदा करेगी।

1. पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
2. यह पंक्तियाँ किसने, किसके लिए कहीं?
3. इन पंक्तियों को कौन, कहाँ बैठकर सुन रहा था?
4. इन कहानी के दोनों पात्र किसके प्रतीक हैं?
5. आपने इस कहानी से क्या सीखा?

X. दिए गए पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?

कित्ती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।

तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी–मोटी।

काढ़त–गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।

काँचौ दूध पियावत पचि–पचि, देति न माखन रोटी।

1. कवि का नाम और काल बताइए। (1)
2. कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या सोच रहे थे तथा क्या कुछ कर रहे थे? (2)
3. काव्य सौन्दर्य की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन उदाहरण सहित कीजिए। (2)

XI. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिए। (2x5=10)

1. 'कामचोर' कहानी के आधार पर संक्षेप में बताइए कि बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई? आपने इससे क्या सीखा?
2. पहली बोलती फिल्म कौन सी थी, कब प्रदर्शित हुई तथा उसके पोस्टरों पर कौन–से वाक्य छापे गए थे?
3. साईकिल चलाने से महिलाओं के जीवन में कौन से बदलाव आए? किन्हीं चार को लिखिए।
4. 'अकबरी लोटा' कहानी में अंग्रेज़ ने अंडे की कौन सी कहानी – किसे सुनाई? लिखिए।
5. ''पानी की कहानी'' – पाठ के आधार पर पानी के जन्म और जीवन–यात्रा के कोई चार पड़ावों का वर्णन कीजिए।
6. टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस–किस के पास गई? हर एक ने गवरइया की किस प्रकार मदद की? संक्षेप में लिखिए।

XII. कविताओं के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिए। (2x5=10)

1. द्वारपाल ने सुदामा की दशा का कैसा वर्णन किया; श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई? लिखिए।
2. गोपियों ने यशोदा से श्री कृष्ण की क्या शिकायत की?
3. सुदामा को ऐसा क्यों लगा कि वह लौटकर फिर से द्वारिका नगरी आ गए हैं? लिखिए।
4. गुरूमाता से जुड़ी कौन सी कथा का वर्णन सुदामा चरित में किया गया है? बताइए।
5. 'तैं ही पूत अनोखौ जायौ' – पंक्ति में ग्वालन के मन में कौन–से भाव हैं? श्रीकृष्ण माखन खाते समय गिरा क्यों देते थे? दो कारण लिखिए।

XIII. 'ज्ञान सागर' पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (2½x4=10)

1. सूर्यसेन को अँग्रेज़ सरकार ने फाँसी क्यों तथा किस दिन दी? आपको इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?
2. ऋषि उत्तंक के चांडाल के हाथों से पानी न पीने पर श्री कृष्ण ने क्या कहा? उनके वाक्यों का ऋषि पर क्या प्रभाव पड़ा?
3. नवदीप के मन की दुविधा बताते हुए लिखिए कि कहानी के अंत में उसने कौन–सा मार्ग चुना? आपके अनुसार उसका चयन उचित था अथवा अनुचित? क्यों?
4. मोहन अपने रूपयों की थैली कहाँ और क्यों छिपा देता था? इस कहानी से आपने क्या सीखा?

XIV. 'ज्ञान सागर' पुस्तक के आधार पर बताइए किसने–किससे कहा? (1x5=5)

1. ''तुम अपना यह ठगी का धंधा छोड़ दोगे और ईमानदारी का काम करोगे।''
2. ''आओ साथ–साथ चलें। बातों–बातों में रास्ता जल्दी कट जाएगा।''
3. ''बेईमानी से कमाया सारा धन यहीं रह गया।''
4. ''आपका शाप हो या वरदान मुझे दोनों ही स्वीकार हैं।''
5. ''देश गाँधी के सत्याग्रह से नहीं, गोले–बारूद से स्वतंत्र होगा।''

XI. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं 5 शब्दों के अर्थ लिखिए। (1x5=5)

1. खोंते
2. द्विज
3. सांगोपांग
4. फुलेल
5. दुपटी
6. मूजी
7. ईज़ाद
8. भुइँ

9. डामलफाँसी

10. पनही

*****